


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 144 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | रविवार 09 मार्च 2025 | मूल्य 2 रुपया

## सरकारी जमीन बेचने पर सरपंच सचिव सहित 8 लोगों पर प्रकरण दर्ज

**नीमच, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** ग्राम पंचायत बरखेड़ा कामलिया में सरकारी जमीन को हेराफेरी कर बेचने के आरोप को लेकर जनपद सीईओ आकाश धार्वे ने 8 लोगों पर एफ़आईआर दर्ज करवाई। न्यायालय ने सीईओ को आदेश दिए थे कि 45 दिनों के अंदर सभी 8 आरोपियों पर मामला दर्ज किया जाए। इस आदेश के पश्चात पूर्व सरपंच नरेश पाटीदार, सचिव श्यामसुख पाटीदार, रामप्रसाद नागदा, राधेश्याम नागदा, देवीलाल नागदा, शांतिलाल नागदा, मुस्तफ़ा बोहरा पिता इक़बाल हुसैन बोहरा के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरखेड़ा कामलिया के मोरका गांव में जावद-भरभड़िया रोड पर सरपंच नरेश पाटीदार द्वारा सरकारी भूमि विक्रय करने का मामला सामने आया था। पूर्व सरपंच ने अवैध तरीके से पट्टे काटकर जमीन बेची थी। जिसको लेकर 08 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया गया। टीआई जितेंद्र वर्मा ने बताया कि गुरुवार को जनपद सीईओ धार्वे ने न्यायालय के आदेश के साथ एफ़आईआर दर्ज करवाई। सभी आरोपियो पर 420, 465, 466, 467, 471, 120 के तहत मामला दर्ज किया गया।

## होली करके जाएगी ठंड

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंचल में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। पिछले चार दिनों से उत्तरी हवाओं के कारण तापमान में गिरावट आई थी। मौसम विभाग के अनुसार, अब तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है।शनिवार को अंचल का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री के आसपास रहा, अधिकतम तापमान 32 डिग्री था।

सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार इस बार ठंड होली करके जाएगी। अर्थात अगले एक सप्ताह तक हल्की ठंड बनी रहेगी। आसमान साफ रहेगा और बारिश की कोई संभावना नहीं है।मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि 15 मार्च के बाद गर्मी बढ़ेगी। 09 मार्च से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय हो सकता है। इसका असर दो दिन बाद प्रदेश में भी दिख सकता है। हालांकि, इस दौरान बारिश की संभावना नहीं है।

### मामला जिला परिवहन विभाग का...

# पीडीएफ के नाम पर दो सौ रुपए की वसूली..!




**[ कार्ड देना बंद किए, चार्ज लेना नहीं छोड़ा ! ]**

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस। परिवहन विभाग में पीडीएफ फाईल के नाम पर दो सौ रुपए की वसूली हो रही है। जहां पहले लाईसेंस सहित अन्य चीजों के कार्ड दिए जाते थे। उस कार्ड के बदले दो सौ रुपए चार्ज लिया जाता था। लेकिन, यह व्यवस्था बंद कर अब पीडीएफ के रूप में कार्ड दिए जा रहे हैं। इसके भी दो सौ रुपए वसूल किए जा रहे हैं!**

मंदसौर परिवहन विभाग कार्यालय में प्रदेशभर के समान ही 30 सितंबर 2024 की शाम से स्मार्ट चिप कंपनी के कर्मचारी अपना काम बंद कर चुके हैं। शासन के नए आदेश पर ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड, रीन्यूअल व लर्निंग जैसी प्रक्रिया में प्लास्टिक कार्ड बनना बंद हो गए। फिर भी अब तक आवेदकों से प्लास्टिक कार्ड के नाम से 200-200 रुपए लगातार लिए जा रहे हैं। डीलर्स शोरूम से लेकर संबंधित आवेदकों को विभाग द्वारा संबंधित के मोबाइल नंबरों पर पीडीएफ थमाई जा रही है। लेकिन, प्रोसेस में अब भी 200 रुपए कार्ड के लिए जा रहे हैं। हर आवेदक से शुल्क वसूला जा रहा। ऐसा एक-दो नहीं बल्कि दिनभर में आने वाले 30 से 35 लोगों के साथ हो रहा। इस तरह हजारों लोगों से अब तक कार्ड के नाम से लाखों में राशि ली जा चुकी है।

इसका कारण है शासन स्तर पर साफ्टवेयर में बदलाव नहीं करना। शासन के सॉफ्टवेयर में किसी तरह का बदलाव न होने से ऑनलाइन इंट्री के वक्त राशि काट ली जाती है। स्थानीय स्तर से समाधान भी संभव नहीं है। मामले में आवेदकों का कहना है कार्ड नहीं दे रहे तो ये लूट ही है, ऐसा सिस्टम बंद होना चाहिए। आवेदक महेश शर्मा ने बताया कि उन्हें भी प्लास्टिक कार्ड के नाम पर 200 रुपए अतिरिक्त देना पड़े, जबकि मोबाइल पर पीडीएफ भेज दी गई। महेश बताते हैं कि 200 रुपए भी दे दिए लेकिन कार्ड नहीं मिला। काउंटर पर कार्यरत कर्मचारी ने बताया ऊपर से जो आदेश है उसका पालन कर रहे हैं। एक अन्य मामले में मल्टी व्हीकल वाहन की कुल टैक्स राशि 8 हजार103 रुपए ली गई। इसमें 7208 रुपए मल्टी व्हीकल के नाम पर टैक्स, सीजीएसटी व एसजीएसटी के नाम पर 6-6 रुपए, सर्विस यूजर चार्ज के 63 रुपए, हाइपोथकेशन एडिशन के नाम पर 500 रुपए व न्यू रजिस्ट्रेशन फीस 300 रुपए ली गई। खास बात ये है कि इस प्रक्रिया में भी प्लास्टिक कार्ड फीस 200 रुपए ली गई।

### 25 हजार किलो मादक पदार्थ तस्करी के मामले में...

# कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी सहित तीन आरोपियों को 15-15 साल की सजा

**नीमच, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर के स्कीम नम्बर 36 स्थित कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी के गोदाम पर जून 2021 में सीबीएन की छामापार कार्रवाई हुई थी। कार्रवाई के दौरान मौके से 25 टन मादक पदार्थ अफीम कालादाना, डोडाचूरा और धोलापाली सहित अन्य मादक पदार्थ जब्त किया गया था। जय कुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी सहित अनुराग ऐरन, राजेन्द्र शर्मा को एनडीपीएस के जघन्य अपराध में सीबीएन की टीम ने हिरासत में लिया था। जिसमें 04 साल से जैल में बंद आरोपियों की सजा का फैसला नीमच जिला न्यायालय में विशेष न्यायाधीश श्री जितेन्द्र कुमार बाजोलिया ने सुनाया। मामले में मुख्य आरोपी कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी सहित अनुराग ऐरन और राजेन्द्र शर्मा को दोषी कारार देते हुए 15-15 साल की सजा सुनाई गई। वहीं 02-02 लाख रूपये के जुर्माने से दंडित किया है। इस मामले में अन्य आरोपी रहे अशोक डांगी, सौरभ कोचटटा, प्रकाश उर्फ गोलू मोटवानी, पंकज कुमावत, कैलाश गादिया को बरी किया गया है।



उल्लेखनीय है कि कुख्यात तस्कर जयकुमार उर्फ बाबू सिंधी नीमच कलेक्ट्रेट आफिस से कुछ ही दूरी पर इंडस्ट्रीयल एरिया के एक गोदाम को मादक पदार्थ का सेंटर पाईट बनाकर बडे पैमाने पर तस्करी कर रहा था। जिला मुख्यालय पर न तो पुलिस का खौफ था और न ही विभिन्न जांच एजेंसियों का। नीमच सिटी थाना क्षेत्र के औद्योगिक क्षेत्र में स्थित गोदाम आता है। जहां से सीबीएन ने 25 हजार किलो मादक पदार्थ जब्त किया था। नीमच के इतिहास में पहली बार 25 टन मादक पदार्थ जब्ती के इस मामले में सीबीएन ने गंभीरता दिखाई और बर्खास्त पुलिसकर्मी पंकज कुमावत, बाबू सिंधी सहित 10 आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया था। बीते चार साल के दौरान कई तथ्य और घटनाएं सामने आई। कुख्यात तस्कर बाबू सिंधी ने बचने के खूब प्रयास किए। जिस गोदाम में बाबू सिंधी को मादक पदार्थ अफीम कालादाना, डोडाचूरा और धोलापाली सहित पकडा था, उस गोदाम को किराए पर देने का एक फर्जी एग्रीमेंट पेश किया। जिसे सीबीएन के अधिकारियों ने फर्जी साबित कर दिया। सीबीएन ने लगभग 1650 पेज का चालान का पेश किया था।

नीमच कलेक्ट्रेट आफिस के कुछ ही दूरी पर स्थित इंडस्ट्रीयल एरिए में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सीबीएन) ने 27 अगस्त 2021 को दबिश देकर मौके से कुख्यात तस्कर जयकुमार उर्फ बाबू सिंधी पिता तोलाराम सिंधी सहित अन्य को गिरफ्तार किया था। जांच में खुलासा किया गया था कि अंतर्राष्ट्रीय तस्करी के इस गिरोह में मंडी के व्यापारी, पुलिसकर्मी और तस्कर शामिल थे। सीबीएन ने तस्करी के इस बडे प्रकरण में बाबू सिंधी सहित 10 आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया और अनुसंधान के पश्चात विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट के समक्ष चालान पेश किया। सीबीएन की तरफ से 10 गवाहों के बयान इस प्रकरण में दर्ज किए गए। कुछ समय पहले ही न्यायालय ने फैसले के लिए प्रकरण सुरक्षित रख लिया था। इस प्रकरण में शनिवार देर शाम को विशेष न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए जयकुमार सबनानी उर्फ बाबू सिंधी और उसके साथी राजेंद्र शर्मा, अनुराग ऐरन को 15-15 साल की सजा सुनाई है। वहीं अन्य आरोपियों को बरी कर दिया है।

### आनलाइन ट्रेडिंग एप के जरिये धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश...

# 06 आरोपी गिरफ्तार, 05 करोड़ का ट्रान्जेक्शन

**रतलाम, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आन लाइन ट्रेडिंग एप के जरिये लोगों को धोखाधडी का शिकार बनाने वाले एक गिरोह केछ: सदस्यों कोपुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस को इस गिरोह के पास करीब एक लाख लोगों का डाटाबेस तो मिला ही है,करीब पांच करोड रु. का ट्रांजेन्क्शन भी सामने आया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने पुलिस कंट्रोल रुम पर आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी अमित कुमार ने बताया कि विगत 4 मार्च को रणायरा निवासी पुष्कर पाटीदार ने आवेदन देकर बताया कि मेटा ट्रेडिंग 5 प्रो नामक ट्रेडिंग एप वालों ने ट्रेडिंग के नाम पर अलग अलग खातों में करीब सात लाख रु.डलवाए और इसके बाद ट्रेडिंग एप से खाता ही गायब कर दिया। आलोट पुलिस ने इस मामले में आपराधिक प्रकरण दर्ज कर जांच प्रारंभ की। अपराध की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने तत्काल सायबर सेल एवं थाने की टीम का गठन कर आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया । एसपी द्वारा गठित टीम ने तकनिकी एनालिसिस कर कुल 06 आरोपियों 1 सोनम निवासी भोपाल, 2 आरती निवासी इटारसी, 3 दिनेश शर्मा निवासी शिवपुरी, 4 राज जोशी चाचोड़ा गुना, 5 फिरोज पठान देवास, 6 मोइन खान देवास को अभिरक्षा में लिया। आरोपियों से मनोवैज्ञानिक तरीके से विस्तृत पूछताछ की गई। जिसमे सोनम परदेशी उक्त चएढ्अ ढ्ठअउ़ड 5 झठ्ज ट्रेडींग ऐप की मुख्य सरगना पाई गई जिसके द्वारा उसकी मौसी की लडकी आरती सोनकर व साथी फिरोज पठान निवासी देवास के साथ मिलकर फिरोज पठान के बताये अनुसार एप डेवलपर से 55 हजार रुपये मे सर्वर एप खरीदा गया।



फिरोज द्वारा अपने अंडर मे काम करने वाले मोईन व अन्य साथी के द्वारा सोनम परदेशी द्वारा दिये गये डाटा अनुसार लोगो को फोन लगाकर फिशिंग कर डीमेट अकाउंट खुलवाये गये एवं META TRADES 5 PRO ट्रेडींग ऐप की लिंक व्हाटसअप पर भेजकर उसमे धोखाधडी पुर्वक शेयर खरीदवाकर खातो मे पैसे डलवाये गये। सोनम परदेशी के साथी दिनेश शर्मा निवासी शिवपुरी द्वारा उक्त खातो की व्यवस्था की गई एवं खाताधारको को लालच देकर उनके खातो मे पैसे डलवाकर। उन पैसो को निकलवाकर सोनम परदेशी तक पहुंचाया गया। सोनम परदेशी व आरती सोनकर द्वारा सर्वर एप को कन्ट्रोल करने वाले अन्य साथी आरोपी से लगातार लोगो के शेयर की वेल्यु को अपने मनचाहे अनुसार बढाया घटाया गया व किसी भी कस्टमर द्वारा लाभ के पैसे निकालने की बात करने पर उसके शेयर की वेल्यु सर्वर एप के माध्यम से कम कर शेयर को होल्ड रखने या अधिक पैसे इनवेस्ट करने का बताया और जिस कस्टमर द्वारा पैसे निकालने का दबाव बताया गया उसकी आईडी एप से हटाकर मोबाईलो को बंद कर धोखाधडी करना बताया गया है। जिस पर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया एवं आरोपियो को माननीय न्यायालय मे पेश कर पीआर प्राप्त कर पुछताछ की जा रही है। आरोपीगण पूर्व में शेयर ट्रेडिंग कम्पनियों में काम करते थे जिनके बंद होने के बाद इनके पास लगभग एक लाख लोगो का डाटा बेस है और इनके पास लगभग 05 करोड़ रूपये के ट्रांजेक्शन की जानकारी सामने आयी है।

साइबर ठगो के गिरोह का पर्दाफाश करने में निरीक्षक शंकर सिंह चौहान, उनि मनोज पाटीदार सायबर सेल की टीम प्रआर लक्ष्मीनारायण, प्रआर मनमोहन शर्मा, प्रआर हिम्मत सिंह गौड़, आर विपुल भावसार, आर राहुल पाटीदार थाना आलोट से आर बाबुलाल मालवीय की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जबकि उनि राजेश मालवीय थाना आलोट आर मयंक व्यास, आर तुषार सिसौदिया, आर निलेश शर्मा सायबर सेल एवं थाना आलोट से प्रआर शोकीन सिंह, आर रौनक पोरवाल, म.आर. उदिता, म.आर. रचना की सराहनीय भूमिका रही।

### सीएम का बड़ा ऐलान...

## मप्र में मतांतरण के दोषी को होगी फांसी की सजा

**भोपाल, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मतांतरण को लेकर बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में मतांतरण को चलने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए धार्मिक स्वतंत्रता विधेयक में बदलाव किया जाएगा। ऐसा करने वालों को फांसी की सजा होगी। सरकार ये प्रावधान करने जा रही है।



मतांतरण कानून में बदलाव होगा, इसमें जबरन लोगों को फांसी की सजा का प्रावधान किया जाएगा। मध्य प्रदेश में लगातार सामने आ रहे मतांतरण के मामलों पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने यह सख्ती दिखाई है। ऐसे में मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य होगा, जिसमें मतांतरण कराने वालों की फांसी की सजा दी जाएगी। मध्य प्रदेश के अलग-अलग इलाकों से पिछले कुछ समय में मतांतरण के कई मामले सामने आए हैं। इसमें कुछ मामले ऐसे भी थे, जिसमें युवकों ने दूसरा नाम बताकर युवतियों से नजदीकी बढ़ाई और फिर उनके साथ दुष्कर्म कर मतांतरण का दबाव बनाया।

## मिर्च स्प्रे से लेस होगी महिला आरपीएफ जवान

### यात्रियों की सुरक्षा के लिए रेलवे का नया फैसला

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला यात्रियों की सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने एक अहम कदम उठाया है। रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को अब मिर्च स्प्रे केन से लैस किया जाएगा, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक सशक्त और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकेंगी।

यह निर्णय विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिला आरपीएफ कर्मियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। भारतीय रेलवे ने यह कदम उन स्थितियों को ध्यान में रखते हुए उठाया है, जहां महिला यात्री असुरक्षित महसूस कर सकती हैं। सुनसान रेलवे स्टेशन, चलती ट्रेनें और दूरस्थ स्थानों पर तैनात महिला आरपीएफ कर्मियों को मिर्च स्प्रे से लेस करना उन्हें संभावित खतरों से निपटने में मदद करेगा। रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने इस पहल को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा,यह निर्णय महिला सशक्तिकरण और सार्वजनिक स्थलों को अधिक सुरक्षित बनाने के हमारे मिशन के अनुरूप है। महिला आरपीएफ कर्मियों को मिर्च स्प्रे देकर हम न केवल उनकी सुरक्षा बढ़ा रहे हैं। बल्कि, उनकी कार्यक्षमता और आत्मविश्वास को भी मजबूत कर रहे हैं।

## 60 किलो डोडाचूरा बरामद, गिरफ्तार दोनों आरोपियों को भेजा जैल

**नारायणगढ़, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने 60 किलो डोडाचूरा समेत बोलेरो जीप चालक को पकड़ा। आरोपी जिसे डोडाचूरा देने जा रहा था, उसे भी पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने जैल भेजने के आदेश दिए है। सूत्रों के अनुसार मामले में डोडाचूरा की मात्रा बढ़ाने की चर्चा है! पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर नारायणगढ़ छोटी गुड़भेली मार्ग पर बीजेएस स्कूल के पास बोलेरो (एमपी 14 सीबी 0696) को रोका, तलाशी लेने के दौरान बोलेरो से 2 कट्टों में भरा 60 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने डोडाचूरा जब्त कर जीप चालक नय्युम (56) पिता मोहम्मद सफी मन्सूरी को गिरफ्तार कर एनडीपीस एक्ट में केस दर्ज किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह उक्त डोडाचूरा पहेड़ा निवासी पप्पू उर्फ रशीद को देने जा रहा था। पुलिस ने पप्पू को भी आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जिन्हें जेल भेजने के आदेश दिए। इधर जानकार सूत्रों के अनुसार पुलिस ने आरोपी से 35 किलो डोडाचूरा बरामद किया था, लेकिन थाने लाकर कायमी करने तक इसकी मात्रा बढ़ा दी गई। इसका कारण बताया जा रहा है कि कम डोडाचूरा होने पर आरोपी को जमानत मिलने में आसानी रहती है। हालांकि मामले को लेकर टीआई अनिलसिंह रघुवंशी का कहना है कि जितना डोडाचूरा था, उतने का ही केस बनाया गया है, क्ल से तो हर तस्कर बोलने लगेगा कि कम डोडाचूरा बरामद हुआ था।



**महिला दिवस पर पिंक रहा गांधी चौराहा-** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शहर के गांधी चौराहा को पिंक पर्दे से सजाया गया।

### कागजों तक सीमित नियम कायदे और योजना...

# सब्जी विक्रेताओं के हवाले मुख्य मार्ग

**[ मुख्य मार्ग पर सब्जी मंडी, हर पद्रह मिनट में जाम ]**

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर में नियम कायदे और योजना बैठकों से बाहर नहीं निकलते। यहीं कारण है कि कलेक्टर, एसपी और जन प्रतिनिधियों के यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयास सिर्फ निर्देशों तक ही समिति हो रहे हैं। कहीं न कहीं अधिकारियों की लापरवाही के कारण निर्देश अमल में नहीं आ रहे। परिणाम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मामला है गोल चौराहा क्षेत्र स्थित मुख्य मार्ग पर लगने वाली सब्जी मंडी का। निर्देशों के विपरीत शहर के गोल चौराहा क्षेत्र में सड़क पर सब्जी मंडी सज रही है। हालात ये हैं कि सुबह के समय भी हर 15 मिनट में जाम की स्थिति बन रही है। यहीं नहीं सड़क पर सब्जी बेचने की होड़ में आए दिन विवाद भी हो रहे हैं। दो माह पहले सब्जी दुकान के स्थान को लेकर 2 पक्षों में मारपीट हो गई थी। इस दौरान लाठियां भी चली थीं। शहर कोतवाली पुलिस ने मामले में 6 लोगों पर केस दर्ज किया था। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने का दावा करने वाले प्रशासन व नगर पालिका यहां कार्रवाई तो दूर समस्या देखने तक नहीं पहुंच रहे हैं। ऐसे में वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



#### कलेक्टर ने दिए थे निर्देश...

यातायात सुगम करने के उद्देश्य से तत्कालीन कलेक्टर गौतमसिंह ने सड़क सुरक्षा उपसमिति की बैठक में गोल चौराहा से दुकानों को अन्य जगह स्थापित करने के निर्देश दिए थे। इस बीच नपा ने सब्जी विक्रेताओं को अंदर सब्जी मंडी परिसर में भी स्थापित किया। लेकिन, अनदेखी के कारण गोल चौराहा पर सब्जी मंडी फिर से सड़क पर सजने लगी है। कलेक्टर के रहते तो नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारियों ने थोड़ी सख्ती दिखाई। लेकिन, कलेक्टर के जाते ही स्थिति वापिस जस की तस हो गई।

#### गाड़ी भी घर तक नहीं ला सकते...

स्थानीय लोगों का कहना है कि घर के बाहर सब्जी मंडी लगने से बाहर निकलने में काफी परेशानी आती है। सड़क पर सब्जी की दुकान लगी होने से हम गाड़ी भी घर तक नहीं ला सकते हैं। राहगीरों ने भी बताया कि इस मार्ग से सीधे बीपीएल चौराहा या गांधी चौराहा की ओर जा सकते हैं लेकिन यहां जाम के कारण समस्या का सामना करना पड़ता है। इधर, सब्जी विक्रेताओं का कहना है कि पूर्व में स्थापित सब्जी मंडी में ही दुकानें लगा रहे थे। कुछ विक्रेताओं ने बाहर दुकानें लगाना शुरू की तो ग्राहक बाहर से ही खरीदी करने लगे। ऐसे में अन्य विक्रेताओं को देखकर हमने भी बाहर दुकानें लगा ली। परिसर में सफाई सहित अन्य सुविधाओं की भी कमी है।

#### तिराहे पर वड़ा पाव दुकान के सामने भी परेशानी...

इसी मार्ग पर तिराहे के समीप स्थित वड़ा पाव की दुकान के सामने बेतरतीब तरीके से रखे वाहनों के कारण भी कई बार जाम की स्थिति बनती है। लेकिन, जिम्मेदार यहां कार्रवाई करने से कतराते हैं। दुकान के सामने सड़क पर ही लोग खड़े रहते है व वाहनों को भी सड़क पर ही खड़ा करते हैं। ऐसे में लोग परेशान होते रहते हैं।

# नगर पालिका में कार्यरत 17 महिला कर्मचारियों का सम्मान किया



**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कल नगर पालिका कार्यालय में कार्यरत 17 महिला कर्मचारियों का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर व नगर पालिका के पार्षदगणों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया घर परिवार को संभालते हुए अपने शासकीय कर्तव्यों का पालन करने वाली महिला कर्मचारियों का नपाध्यक्ष ने माला पहनाकर व शाल ओडाकर व मिठाई भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर नगर पालिका सभापतिगण श्रीमती निर्मला चंदवानी, श्रीमती दीपमाला मकवाना, निलेश जैन, कौशल्या बंधवार पार्षदगण ईश्वर सिंह चौहान दीपक गाजवा, भावना पमनानी, भारती पाटीदार, रफत पयामी, सुनीता भावसार व पार्षद प्रतिनिधि शेहजाद पटेल नरेंद्र बंधवार, भाजपा नेता राजेश गुर्जर, महेंद्र परिहार सुरेश राठौर नगरपालिका कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया स्टोर शाखा लिपिक राजेंद्र नीमा, सहित कई कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने इस अवसर पर महिला कर्मचारियों से कहा कि आप महिला कर्मचारियों ने सेवा व समर्पण की भावना से नपा कार्यालय में कई वर्षों से कार्य किया है महिलाओं को समाज मे पूरा सम्मान मिले यही हमारी नगरपालिका परिषद का प्रयास है, जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों के बीच आपसी संवाद एवं मिल जुलकर कोई कार्य किया जाता है तो उसके सार्थक परिणाम आते हैं इसलिए कर्मचारीगणों को महिला दिवस पर में पूरी परिषद की ओर से शुभकामनाएं देती हूं कार्यक्रम का संचालन नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक अजय मारोठिया ने किया।



## महर्षि वाल्मिकी ट्राफी के मैच में अतिथि रही महिलाएं

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** वाल्मीकि समाज के युवाओं के माध्यम से महर्षि वाल्मीकि ट्रॉफी के तृतीय वर्ष के उपलक्ष्य पर आज चौथे दिन के मैच में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजन में अतिथि के रूप में महिला अधिकारी और महिला जनप्रतिनिधि को ही आमंत्रित किया गया ,जिनमें मुख्य रूप से जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग मुख्य रूप से उपस्थित रही आयोजन की विशेषताएं यह रही कि आयोजन में आयोजन कर्ताओं के द्वारा संचालन भी महिला जनप्रतिनिधि पार्षद प्रतिभा भैरवे से ही करवाया गया जिसकी कलेक्टर मैडम ने भी सराहना की ।इस अवसर पर किन्नर गुरु अनीता दीदी, मंदसौर जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति जी गर्ग ,नगरपालिका अध्यक्षा श्रीमति रामदेवी जी गुर्जर,उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता जी चावला, सभापति निर्मला जी चंदवानी, दीपमाला जी मकवाना,शांति जी फरक्या, पार्षद महोदया भारती जी पाटीदार ,सुनीता जी गुजरिया,सुनीता जी भावसार,गरिमा जी भाटी,प्रतिभा भैरवें एवं वाल्मिकी समाज की मातृशक्ति उपस्थित रही.



## विद्यार्थियों द्वारा नर्सों का सम्मान

**पिपलियामंडी, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शहर की अग्रणी शिक्षण संस्था कबीर इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल की नर्सों को उनके अद्वितीय योगदान और नि:स्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने जिला चिकित्सालय में जाकर वहां के नर्सिंग स्टाफ से मुलाकात की तथा समाज में उनकी भूमिका के महत्व को जाना । अस्पताल की सीनियर नर्सिंग स्टाफ ने उन्हें बताया कि वे न केवल मरीजों की देखभाल करती हैं, बल्कि उनकी सेवा भावना और समर्पण से स्वास्थ्य प्रणाली की रीढ बनती हैं। बच्चों द्वारा नर्सों को स्व: निर्मित ग्रीटिंग कार्ड देकर सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय के कर्मचारियों ने बच्चों के इस प्रयास की सराहना की तथा उन्हें धन्यवाद दिया।

## नपा कार्यालय परिसर में लगी नेशनल लोक अदालत

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं म.प्र. शासन से प्राप्त मार्गदर्शन के अनुसार कल दिनांक 8 मार्च शनिवार को नपा कार्यालय परिसर में नेशनल लोक अदालत लगाई गई। प्रात: 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक नपा कार्यालय परिसर में आयोजित इस नेशनल लोक अदालत में नगर के नागरिकों ने आकर सम्पत्ति कर, समेकित कर एवं जलकर की बकाया राशि जमा की और शासन के नियमों के अनुसार अधिभार (पेनल्टी) में छूट जो कि नियमानुसार 25, 50 व 100 प्रतिशत दी जाती है उस छूट का लाभ प्राप्त किया। नपा परिषद मंदसौर के द्वारा लोक अदालत में आने वाले नागरिकों के लिये कार्यालय परिसर में असुविधा न हो इसके लिये टेंट व पानी की अतिरिक्त व्यवस्था की गई। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर एवं सभापति श्रीमती कौशल्या बंधवार के निर्देश पर पिंक काउण्टर भी खोला गया और उसमें महिला उपभोक्ताओं से चर्चा के लिये महिला कर्मचारियों की ही ड्यूटी लगाई गई।



## विधायक मारू ने वाटरशेड यात्रा समापन पर 5.54 करोड़ के विकास कार्यो का लोकार्पण किया

**मनासा, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय भूमि संसाधन विभाग द्वारा संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई वाटरशेड विकास योजना के तहत जनपद पंचायत मनासा में वाटरशेड यात्रा अभियान का समापन ग्राम पंचायत फुलपुरा के पंचायत परिसर शुक्रवार को मुख्य अतिथि मनासा विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारु की उपस्थित में 554 लाख के विकास कार्यो के लोकार्पण के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में वाटरशेड क्षेत्र के किसानों ने सहभागिता की।

मुख्य अतिथि श्री अनिरूद्ध मारू ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव ने बताया गया कि वाटरशेड परियोजना क्रमांक 01 फुलपूरा में विगत दो वर्षो में खेत तालाब, चेक डेम और विभिन्न संरचनाओं का निर्माण किया गया है जिससे क्षेत्र में जलस्तर में वृद्धि होने के साथ-साथ सिंचित भूमि का रकबा भी बढा है। विगत वर्षो में वाटरशेड परियोजना से लगभग 554 लाख रुपये के विभिन्न कार्य करवाए गए है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सज्जनसिंह चौहान ने कहा कि मनासा विधानसभा क्षेत्र में वाटरशेड परियोजना के तहत बनाए गए चेकडेम, खेत तालाब से सीधे किसानों को लाभ हुआ है। विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू ने कहा, मेरा वाटरशेड योजना से गहरा लगाव रहा है। मनासा तहसील की सभी सड़कों का प्लान मैंने जिला पंचायत सदस्य रहते हुए तैयार किया था। उन्होंने बताया मनासा क्षेत्र में दो महत्वपूर्ण योजनाएँ (पेयजल एवं सिंचाई) क्षेत्र में लागू की जा रही हैं। विधायक ने किसानों से जैविक खेती अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि उनकी मार्केटिंग की पूरी व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही सभी घरों में नल से जल योजना के तहत पानी पहुंचेगा। कार्यक्रम में अतिथियों ने वाटरशेड योजना से लाभान्वित जल योद्धाओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया ।इस अवसर पर सर्व श्री सत्यनारायण मंडवारिया, नरेंद्र मालवीय, कैलाश घाटी, कैलाश राठौर, आनंद श्रीवास्तव, गोपाल मालवीय, एसीईओ श्री अरविंद डामोर, क्षेत्र के जनप्रतिनिधि सरपंच, सचिव एवं ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी बिनोद एक्का परियोजना अधिकारी जिला पंचायत नीमच ने दी।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत क्लस्टर स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

**मल्हारगढ़, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत मध्य प्रदेश जल निगम की गांधी सागर-1 समूह जल प्रदाय योजना के तहत विकासखंड मल्हारगढ में क्लस्टर स्तरीय एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन वर्ल्ड वाइड वेलफेयर रिसर्च फाउंडेशन क्रियान्वयन संस्था आईएसए के द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जनपद उपाध्यक्ष श्री फकीरचंद धनकर द्वारा सरस्वती पूजन माल्यार्पण किया गया। जनपद सदस्य श्रीमती आशा महेश पाटीदार, श्रीमती पुष्पा बाई शांतिलाल गवरी एवं परियोजना क्रियान्वयन इकाई मंदसौर से एस क्यू सी मैनेजर संदीप डाकर, संस्था प्रमुख श्री सुरेंद्र चौधरी ने कार्यशाला में भाग लिया एवं सभी क्लस्टर लेवल के ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता,एवं आईएसए से परियोजना प्रबंधक संतोष शर्मा, परियोजना समन्वयक सत्यनारायण प्रजापति, परियोजना समन्वयक मुकेश विश्वकर्मा,एवं सम्मिलित ग्रामों के कम्युनिटी मोबिलाइजर उपस्थित रहे रिसोर्स पर्सन श्री राजेंद्र कुमार मिश्रा ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना संबंधित संचालन एवं संधारण हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# एमपी के मंत्री माह में 25 दिन दौरे पर तो फिर काम कब करते हैं?-चन्द्रे



**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** समाचार पत्र दूरदर्शन अथवा शासन के द्वारा घोषित किए गए मंत्रियों के प्रतिदिन के प्रोग्राम को देखने के बाद पता चलता है कि, राज्य मंत्रियों सहित कैबिनेट मंत्री या मुख्यमंत्री एक माह में लगभग 20 से 25 दिन पूरे प्रदेश में कार्यक्रम अटेंड रहते हैं, तो फिर काम कब करते हैं?

उक्त विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए शिक्षाविद् रमेशचन्द्र चन्द्रे ने कहा कि-आए दिन रोड, नाली, स्कूल और अन्य निर्माण कार्यों के शिलान्यास से लेकर निर्माण होने के बाद तक, उद्घाटन में मंत्री सहित कैबिनेट मंत्री एक माह में 20 से 25 दिन बाहर रहते हैं इस कारण प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था पूर्णत: अधिकारियों के हाथ में होती है और वह निरंकुश होकर प्रशासन करते हैं। श्री चन्द्रे ने कहां कि यही कारण है की प्रदेश में भ्रष्टाचार हर क्षेत्र में चरम पर दिखाई देता है। क्योंकि मंत्री अधिकांश प्रदेश के दौरे पर रहते हैं। मंत्रियों को चाहिए कि वे अपने विधानसभा में अन्य लोग जो समाज और पार्टी का नेतृत्व करते हैं उनके लिए भी अवसर छोड़े। हर स्थान पर यदि अपनी ही विधानसभा में मंत्री पहुंच जाएंगे तो फिर अच्छे कार्यकर्ताओं को मौका कब मिलेगा? ऐसा प्रतीत होता है कि मंत्रियों को और विधायकों को सरकारी कामकाज और जनता की भलाई छोड़कर अपने अस्तित्व की चिंता रहती है। इसलिए प्रदेश की जिम्मेदारी के बाद भी वे लोग अपनी विधानसभा के चक्कर काटते हैं। यह किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं हो सकता। संपूर्ण मध्य प्रदेश कर्ज में डूबा हुआ है, उसके लिए राजस्व कैसे आएगा? विभिन्न योजनाओं पर खर्च कैसे किए जाएंगे? इन पर कोई भी मंत्री गंभीर नहीं है, केवल भाषण देकर अपने कर्तव्य की इति श्री कर लेते हैं, इसलिए यह अति गंभीर चिंता का विषय है कि, मंत्रियों को अपनी टेबल पर महीने में 20 दिन बैठना चाहिए और नहीं तो भोपाल स्थित वल्लभ भवन, सतपुड़ा विंध्याचल और अनेक प्रशासनिक कार्यालय जहां पर हैं वह निरंकुश हो जाएंगे अपनी ड्यूटी पूरी नहीं करेंगे तो मध्य प्रदेश का प्रशासन लंच पुंज हो जाएगा इस पर ध्यान रखना जरूरी है अत: मंत्रियों को और विधायकों को या अन्य पोर्टफोलियो वाले व्यक्तियों को अपने दायित्व पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए इधर-उधर घूमने से आप लोकप्रिय तो हो जाएंगे किंतु प्रदेश के कार्य में जो शून्यात आएगी उसको आप कभी नहीं भर पाएंगे।

## खिड़की माता मंदिर परिसर के आसपास मृत गौवंश व पशुओं को फेंकने पर रोक लगाई जाए

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** विश्व हिन्दू परिषद जिला मंदसौर गौ रक्षा विभाग द्वारा जिलाधीश के नाम एक ज्ञापन अपर कलेक्टर एकता जायसवाल को देते हुए खिडकी माता मंदिर परिसर के आस पास मृत गौवंश व पशुओ को फेकने पर रोक लगाने की मांग की ।



ज्ञापन मे कहा कि खिड़की माता मंदिर मंदसौर जो कि हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाओ एवं आस्था से जुड़ा केन्द्र है। उक्त मंदिर परिसर के सामने व आस पास गौशाला की व अन्य शासकीय भूमियां है जिस पर गौशाला के कर्मचारी नगरपालिका मंदसौर व अन्य व्यक्तियो द्वारा मृत गौवंश व अन्य पशु जैसै भैस, स्वान, उट आदि पशुओ को फेक दिया जाता है जिससे पुरे क्षेत्र मे बदबु आती है एवं कई गंभीर बिमारीयो का भी खतरा उत्पन्न हो रहा है। अभी हिन्दू समाज के कई धार्मिक पर्व प्रारंभ होने वाले है एवं खिडकी माता मंदिर मे वार्षिक मेला भी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी लगने वाला है जिसमे बडी संख्या में श्रद्धालु माताए एवं बहिने दर्शन करने हेतु आने वाली है। जिनको भी काफी परेशानियो का सामना करना पड सकता है। ज्ञापन में मांग की कि उक्त स्थान पर मृत गौवंश एवं पशु न फेकते हुए कही अन्यत्र उचित स्थान का चयन कर फिकवाने की कृपा करे एवं मृत पशुओ एवं मृत गौवंश को भी विधिवत समाधी की व्यवस्था करवाई जावे। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिलाध्यक्ष डॉ. प्रवीणसिंह मण्डलोई, जिला मंत्री हेमन्त बुलचंदानी, भगवानदास ज्ञानानी, लक्की बडोलिया, अमरदीप कुमावत, मनीष भाटी, गौरव शर्मा, गौरवसिंह, लक्की गौसर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद जिला को रक्षा प्रमुख अमरदीप कुमावत द्वारा दी गई।

## हॉकी खिलाड़ी पंकज का कोलकाता लीग प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारत की सबसे पुरानी हॉकी लीग प्रतियोगिता कोलकाता मैं आयोजित हो रही है जिसमें मंदसौर का हॉकी खिलाड़ी पंकज चौहान शिरकत करेगा। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा ने दी उन्होंने बताया कि पंकज कोलकाता लीग में कोलकाता यूनियन स्पोर्टिंग क्लब का हिस्सा रहेगा यह प्रतियोगिता 12 अप्रैल तक खेली जाएगी ज्ञात रहे पंकज की हॉकी की शुरुआत मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित फीडर सेंटर व केंद्र सरकार द्वारा संचालित खेलो इंडिया सेंटर से हुई यहीं से राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में शिरकत करी व इसके बाद पटियाला साई का भी हिस्सा रहे पंकज को खेल विरासत में मिला पंकज के पिता जानकी लाल चौहान भी बहुत अच्छे पहलवान रहे हैं। पंकज की उपलब्धि पर खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर हॉकी मंदसौर के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया, विशाल गोयल, त्रिभुवन कविश्वर, जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, हॉकी मंदसौर एसोसिएशन के अध्यक्ष कुलदीप सिंह सिसोदिया, सचिव अविनाश उपाध्याय, कोच रवि कोपरगांवकर, दिनेश यादव, शैलेंद्र मसीह, अजहर खान पठान, खेलो इंडिया एन,आई,एस कोच वैभव चौरसिया, मीत चौहान, मंगल बैरागी, ओमप्रकाश गुर्जर, राजेंद्र सिंह, भरत सिंह, शासकीय महाविद्यालय मंदसौर के खेल अधिकारी राजू कुमार, शासकीय महाविद्यालय दलोदा के खेल अधिकारी अब्दुल रज्जाक, सीनियर खिलाडी संजय तोमर, मनोज जैन, अंकित मंडोर, राकेश श्रीवास्तव, भारत देवड़ा, अजय सिंह गौड़, कमलेश शर्मा, शैलेंद्र परिहार, पिंटू आर्थर, डॉ हिमांशु यजुर्वेदी दुबेला क्लब के अध्यक्ष श्री विनय दूबेला, अमर क्लब के अध्यक्ष श्री भानु प्रताप सिंह सिसोदिया, आदि ने बधाई दी व उनकी उज्वल भविष्य की कामना की।



## महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन सम्पन्न



**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** शासकीय कन्या महाविद्यालय, मंदसौर के प्राचार्य डा.सुधीर रायजादा ने बताया कि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन हुआ। महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना एवं भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अंतर्गत एक इन्फोर्मेशन टाक शो रखा गया। इसमें मुख्य वक्ता डा.प्रीति मुरडिया ने बताया कि यह दिन न केवल महिलाओं के संघर्ष,उपलब्धियों और योगदान को पहचानने के लिए महत्वपूर्ण है बल्कि यह हमें यह सोचने पर भी मजबूर करता है कि हमें महिला सशक्तिकरण को लेकर कई सारे कदम उठाने की जरूरत है। साथ ही बताया इसका उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। वह जीवनदायिनी है, प्रेम की मूर्ति और रिश्ते संवारने वाली शक्ति है।

कार्यक्रम संयोजन डा.स्मिता मण्डलोई ने बताया कि महिलाओं ने इतिहास में हर क्षेत्रा में अपनी छाप छोडी है, चाहे वह शिक्षा हो, राजनीति हो, विज्ञान हो या खेल का मैदान हो। बतया कि नारी केवल एक शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। भारतीय संस्कृति में नारी को शक्ति, ममता और त्याग का स्वरूप माना गया है। टाक शो में महाविद्यालय के स्पोर्टस आफीसर श्री मनीष पांचाल ने छात्राओं को बताया कि महिलाओं को खेलों से जुड्ना चाहिए। उसे एक कॅरियर एवं हाबी के रूप में लेना चाहिए। खेल आपके मानसिक स्वास्थ्य को भी लाभ पहुँचाते है। इन्हें खेलने से आप खुश रहते है और तनाव कम होता है। खेल दिमाग को शांत करते है, आपकी मांसपेशियों को मजबूत करते है और आपके स्वास्थ्य को बेहतर बनाते है। खेल खेलना शुरू करना चाहिए और अपने जीवन में इन लाभों को प्राप्त करके आसान बनाना चाहिए। कम्प्यूनिकेशन स्किल्स के अंतर्गत न्यू लैंग्वेज लर्निंग विषय पर डा.निरंजन गंगवाल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग द्वारा छात्राओं को जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दिपिका बंधवार ने किया एवं डा.माया अग्रवाल ने आभार माना। इस अवसर पर 55 से अधिक छात्रायें एवं स्टॉफ उपस्थित रहा।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर वार्डो में हुआ सफाई महिला कर्मचारियों का सम्मान

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कल शनिवार को मंदसौर नगर के सभी वार्डो में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के आव्हान पर महिला सफाई कर्मचारियों के सम्मान कार्यक्रम विभिन्न वार्डों में आयोजित किये गये। इसी तारतम्य में कल वार्ड नं. 9 नईआबादी क्षेत्र में क्षेत्रीय पार्षद एवं जलकार्य समिति सभापति श्री निलेश जैन के द्वारा भी वार्ड नं. 9 में कार्यरत 6 महिला सफाई कर्मचारियों को सम्मान किया गया। नगरपालका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में एवं वरिष्ठ भाजपा नेता पारस मावर, नपा सभापति श्रीमती निर्मला चंदवानी, पार्षद सुनीता भावसार, भाजपा नेता मिथुन वप्ता, महावीर जैन, प्रकाश पालीवाल, महेन्द्र परिहार, राजेश गुर, राजू मुंदड़ा, भारतसिंह चौहान, विनय खाबिया, वार्ड सफाई दरोगा बाबू खां, जितेन्द्र खोखर की गरिमामय उपस्थिति में सफाई महिला कर्मचारियों का सम्मान किया गया। नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर व सभापति श्री जैन ने महिला सफाई कर्मचारियों का माला पहनाकर व शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। इसी प्रकार नगर के अन्य वार्डों में र्नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर के आतिथ्य में वार्ड पार्षदों के द्वारा महिला सफाई कर्मचारियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## आंचलिक पत्रकार संघ का संभागीय सम्मेलन आज पिपलिया में, संभाग के पत्रकार जुटेंगे, अहम मुद्दों पर होगी चर्चा

**पिपलियामंडी, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आंचलिक पत्रकार संघ संभागीय सम्मेलन 9 मार्च, रविवार को पिपलिया कृषि उपज मंडी समिति परिसर में 10.30 बजे शुरु होगा। जिसमें पत्रकारों की सुरक्षा, अधिमान्यता, बीमा योजना और आवासीय सुविधाओं सहित अन्य अहम मुद्दों पर मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में पारित प्रस्तावों को शासन स्तर तक पहुंचाकर पत्रकारों के लिए विभिन्न सुविधाओं की मांग की जाएगी। संभागीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रकाश बंसल व उपाध्यक्ष जगदीश पंडित ने बताया आंचलिक पत्रकार संघ लंबे समय से पत्रकार सुरक्षा कानून को लागू कराने, ग्रामीण एवं अंचलों में कार्यरत पत्रकारों को बीमा योजना का लाभ देने, तहसील स्तर पर रहने के लिए आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने और अधिमान्यता संबंधी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए प्रयासरत है। इस सम्मेलन में इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा, ताकि सरकार और प्रशासन पत्रकारों की समस्याओं पर ठोस निर्णय ले सके। सम्मेलन में अतिथि के रुप में सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सदस्य बंशीलाल गुर्जर, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, जनपद अध्यक्ष पुष्पा कन्हैयालाल पाटीदार, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व जिलाध्यक्ष मानसिंह माछोपुरिया, मंडल अध्यक्ष राकेश गोयल, पिपलिया नप अध्यक्ष इंदिरा सुनील देवरिया, किसान नेता श्यामलाल जोकचन्द, मंडी व्यापारी संघ अध्यक्ष कृष्णकुमार गुप्ता, समाजसेवी रुपचंद होतवानी, विश्व सिंधू सेवा संगम जिलाध्यक्ष शंकरलाल हरजानी, मुन्देड़ी पूर्व सरपंच कृष्णपालसिंह शक्तावत, कृष्णा सोसायटी संस्थापक महेश जूनवाल, आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश महामंत्री अभय सुराणा, उपाध्यक्ष रमेश गोयल व रमेश पाठक, सचिव अब्दुल वाहिद रईस, सह सचिव गायत्रीप्रसाद शर्मा, संभागीय अध्यक्ष रामचन्द्र गिरी, कोषाध्यक्ष अभय श्रीमाल, मंदसौर जिलाध्यक्ष तुलसीराम राठौर के अलावा विशिष्ठ अतिथि के रुप में डीआईजी मनोजकुमारसिंह, एसपी अभिषेक आनंद, अनुविभागीय अधिकारी राहुल चौहान, तहसीलदार ब्रजेश मालवीय भी आदि उपस्थित रहेंगे। पत्रकारगण रमेश तेलकार, बाबूलाल नागर, रामेश्वर फरक्या, राधेश्याम बैरागी, ओमप्रकाश बटवाल, मनोहर काबरा, हरीश्ज्ञ गुप्ता, जेपी तेलकार, राजेश फरक्या, शंभू मेक, पंकज शर्मा, नरेन्द्र राठौर, राजेश शर्मा, हरिप्रसाद गेहलोत, स्वप्निल ओझा, शोभित बंसल, विजय गेहलोत, ललित सोलंकी, रवि पोरवाल, महेश मरेठा, निखिल सोनी आदि ने आयोजन को सफल बनाने की अपील समस्त पत्रकारों से की है।

# नारी सिर्फ घर की लक्ष्मी ही नहीं, बल्कि देश की शक्ति भी है-दीक्षित

## जिला भाजपा कार्यालय पर महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम सम्पन्न

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर आज 8 मार्च 2025 अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मुख्य आतिथ्य तथा मंगल मुखी किन्नर गुरू अनीता दीदी, साध्वी अपर्णा देवी जी , जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, की गरिमामय उपस्थिति में नारी शक्ति सम्मान कार्यक्रम जिला भाजपा कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर जिला भाजपा महिला पदाधिकारीगण सुनिता पालीवाल, प्रीति रोखले, भाजपा मंडल अध्यक्ष गण अरविंद सारस्वत, विनोद डगवार, महिला मोर्चा मोर्चा जिला पदाधिकारीगण रेखा मांदलिया, बिन्दु चन्द्रे, नपा. उपाध्यक्ष नम्रता चावला, महिला नेत्री रानु भावसार मंचस्थ रही। कार्यक्रम के पूर्व पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी एंव देवी अहिल्याबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात महिला मोर्चा पदाधिकारी गणों द्वारा मंचस्थ अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा की आज का यह शुभ अवसर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, हम सभी के लिए नारी शक्ति के अद्भुत योगदान को सम्मान देने का दिन है। इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर, मैं अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा हूँ। आज अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति और नारी सम्मान की बात करते है तो हमें माँ अहिल्या बाई के जीवन परिचय को पढ़ना होगा ,समझना होगा। श्री दीक्षित ने कहा की हमारी भारतीय संस्कृति में नारी को सदा से ही शक्ति, ममता और संस्कार का प्रतीक माना गया है। माँ दुर्गा की शक्ति, माँ सरस्वती की बुद्धि और माँ लक्ष्मी की समृद्धि ये सब स्त्री के ही रूप हैं। भारतीय जनता पार्टी का महिला सशक्तिकरण के प्रति दृष्टिकोण केवल शब्दों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कार्यों में भी परिलक्षित होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में अनेक योजनाएँ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाई जा रही हैं, जैसे कि- उज्ज्वला योजना जिससे लाखों बहनों को धुएँ से मुक्ति मिली, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जिसने समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा दिया।, जन धन योजना जिससे महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूती मिली, महिला सुरक्षा कानूनों को सख्त बनाना, जिससे हर बेटी, हर बहन स्वंय को सुरक्षित महसूस कर सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने कहा की एक समय था जब बेटीयों को कोख में ही मार दिया जाता था। आज परिदृश्य बदल चुका है हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये बेटी बचाओं बेटी पढ़ओं अभियान के साथ कई प्रकार की लाभकारी योजनाओं को प्रारंभ किया है। जिससे ना केवल महिलाएं आर्थिक रूप से स्वालंबी हो रही है वरन् कई क्षेत्रों में पुरूष वर्ग के बराबर आ खडी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एक नया आसमान प्राप्त हुआ है जिससे महिला अपने खुले मन से नीले आसमान में अपने सपनों को पुरा करने की उड़ान भर रही है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा की आदि अनादि काल से है की मातृशक्ति ने अपना जौहर दिखाते हुए कई क्षेत्रों में लोहा मनवाया है। मातृशक्ति ही परिवार के साथ सुख दुख में सदैव खडी रहती है। एक जमाना था तब महिलाएं स्वयं को पिछड़ा हुआ महसूस करती थी। लेकिन आज महिलायें सामाजिक, राजनैतिक, खेलकुद, व्यापार व्यवसाय आदि के क्षेत्रों में अग्रणी है। आज स्थिति के लिये हम अपने-अपने परिवारों के पुरूषजन का भी आभार मानते है की उन्होने इन क्षेत्रों में हमें आगे बढ़ाने हेतु सहयोग किया है। मेरा आज महिला दिवस के इस अवसर पर आप सभी से इतना ही निवेदन है कि हमेशा सकारात्मक सोच और सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने परिवार ,अपने देश के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी पूर्ण करते रहें। इस अवसर पर शिक्षाविद श्रीमती उर्मिला तोमर ने भी अपने विचार साझा कियें।



कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन देते हुए महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में देश और प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु कई जनकल्याणकारी और स्वावलंबी योजनाओं को जमीन पर उतार कर ठोस कदम उठाए गए हैं। आर्थिक क्षेत्र के साथ राजनीतिक क्षेत्र में भी मातृशक्ति को 50 प्रतिशत आरक्षण देकर महिलाओं को देश की मुख्य धारा में ला खड़ा किया है। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक और रचनात्मक क्षेत्रों में अद्भुत कार्य करने वाली मातृशक्ति मंगल मुखी गुरू अनिता दीदी (गुरू माँ मंदसौर), निर्मला जी कलासिया (मुक्तिधाम सेवा कार्य), डॉ आरती जैन, डॉ वीना सिंह, चंदा जी डांगी, प्रीति जी जैन, डॉ शालिनी भाटी, सुश्री लक्ष्मी नागेश्वर, श्रीमती यशोदा दर्शना, अनीता जी कोठारी, रामी जी बाई, वर्तिका जी पुरोहित दीदी, किरण जी मावर दीदी, आरती विशालकर दीदी, अर्चना अरविंदेकर दीदी, अनीता जी चोधरी, रेहाना जी कुरैशी, पूर्णिमा जी सोनी, कीर्ति जी सक्सेना, श्रीमती सीमा जी बामनिया, डॉ उर्मिला जी तोमर, टीना जी सोनी, इंद्रा जी तोमर, शर्मिला जी बसेर, मेना जी बाई, कुसुम जी तिवारी, मंजू जी पालीवाल, कशिश जी घारू, बबीता जी भट्ट, भावना जी लोहार, अवनी जी पिता सुरेश जी भावसार, नाथी जी जटीया, रिंकू जी शुक्ला, राधिका जी तिवारी, इंदु जी पंचोली, प्रीति जी छाबड़ा, डॉ प्रतिज्ञा जी पाटीदार, इन्दु जी सोनी, नंदनी जी पिता महेश फरक्या, अपर्णा जी मेनारिया, श्रद्धा जी बैरागी, सरोज जी सेन (नारायणगढ़), प्रीती जी वरकडे, सोनिया जी नाहर, अक्शा जी बी, रत्ना जी यशवंत प्रजापत, चंचल जी साल्वी, ज्योती जी कुमावत, रोहिणी जी चव्हाण का सम्मान माँ अहिल्याबाई की तस्वीर भेंट कर किया। महिला दिवस के इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला पदाधिकारीगण सुशीला राठौर, सुमित्रा बैरागी, मीना देवड़ा, विद्या कड़ौतिया, निर्मला गर्ग, नगर पंचायत अध्यक्ष कविता जी यादव, सविता जी परिहार, इंद्रा जी देवरिया, संगीता जी बगड़, मंडल अध्यक्ष नीलकमल मेहता, मीना पंजाबी ,साधना मेहता, गंगा बैरागी ,किरण मंडोवरा, भावना पमनानी, प्रीति खिंचावत भारती माली, तुलसा खत्री, सुधा फरक्या ,उषा कुमावत, पार्षद सुनीता भावसार ,गरिमा भाटी, माया भावसार ,दीपमाला मकवाना , शांति देवी फरक्या, , रेखा सोनी ,भारती पाटीदार, प्रमिला गोयल सहित कई पार्षद, महिला मोर्चा पदाधिकारी बहने उपस्थित थी। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा जिला महामंत्री रेखा मांदलिया, जिला उपाध्यक्ष रानू भावसार ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष सुनिता गुजरिया ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।



## आर्य समाज में महिला दिवस पर किया आर्य समाज विदुषी का सम्मान

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** आर्य समाज मंदसौर में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित आर्य समाज विदुषी सुश्री सुधा कुर्मी व रश्मि शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर एवं उपहार भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर हवन का आयोजन कर नारी जगत के सुख समृद्धि की कामना की तथा हवन पश्चात् प्रसादी का वितरण किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने महिलाओं के सामाजिक एवं देश विकास में दिये जा रहे योगदान की सराहना की तथा कहा कि भारत की उन्नति में महिलाओं का महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इस अवसर पर स्वस्तिवाचन श्री रमेशचन्द्र राव ने किया। कार्यक्रम में आर्य समाज प्रधान मधुसूदन आर्य, महेश शर्मा, नारायणलाल चौधरी, सुरेन्द्र भाटी आदि उपस्थित थे। आभार मधुसूदन आर्य ने माना।




# आज का दिन उन महिलाओं को याद करने का दिन, जिन्होंने समाज को सुदृढ़ बनाने में योगदान दिया-कलेक्टर

## जिले की 02 लाख लाड़ली बहनों को 32 करोड़ का हितलाभ प्रदान किया, कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में महिला श्रृंखला, खेल प्रतियोगिता, स्वास्थ्य परीक्षण, पिंक ड्राइविंग लाइसेंस निर्माण, हॉट बाजार का हुआ आयोजन

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना अंतर्गत कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में महिलाओं के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें महिलाओं ने पिंक ड्रेस पहनकर डब्लू फॉर वूमेन की आकृति में श्रृंखला बनाकर पिंक बैलून को आकाश में उड़ाया। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रस्सा कस्सी, चम्मच की प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें बालिकाओं द्वारा नृत्य, गायन की प्रस्तुतियां दी गई। बालिकाओं के द्वारा सेल्फ डिफेंस की प्रस्तुति दी गई। समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को मंच से सम्मानित किया गया। रोशनी एवं सीमा को मंच से पिंक लाइसेंस प्रदान किया गया। व्यंजन प्रतियोगिता में भाग लेने वाली कविता, सरिता, रमाकांत को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम के पश्चात अतिथियों ने व्यंजन एवं महिला हाट बाजार का अवलोकन किया तथा महिलाओं द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, उपाध्यक्षा श्रीमती नम्रता प्रीतेश चावला प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित जिलाधिकारी, कर्मचारी, बड़ी संख्या में मातृ शक्तियां, पत्रकार मौजूद थे। जिले की 2 लाख 63 हजार 949 लाडली बहनों को 32 करोड़ 3 लाख रुपए का हितलाभ प्रदान किया गया। प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम भोपाल से आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के उद्बोधन को सभी के द्वारा देखा और सुना गया। कार्यक्रम के दौरान सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने कहा कि, मंदसौर की रहने वाली पार्वती बाई जो एशिया की पहली ट्रक चालक थी जिसे राष्ट्रपति ने सम्मानित किया। यह मंदसौर के लिए सौभाग्य की बात है। भारत की परंपरा वैदिक काल से ही रही है। महिलाओं का महत्व हमेशा रहा है। आर्थिक बदलाव भी लक्ष्मी के बिना संभव नहीं होता है। जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती पाटीदार ने कहा कि, महिलाएं प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। महिला सिर्फ जन्म दे सकती है इस धारणा को सरकार ने बदल दिया है और महिलाओं ने भी हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका में काम करके इस बात को मिथ्या साबित कर दिया है। लिंग असमानता समाप्त हो गई। देश की आजादी में कई वीरांगनाओ ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि, आज का दिन उन महिलाओं को याद करने का दिन ही जिन्होंने समाज को सुद्रण बनाने में योगदान दिया। उन महिलाओं को सम्मान करना चाहिए जो समाज की हीरो है। कई महिला ऐसी है जिन्होंने साइलेंट तरीके से कई महत्वपूर्ण काम किए हैं। महिला दिवस सिर्फ एक दिन का नहीं बल्कि 365 दिन का होता है। सभी को एक बार पुन: महिला दिवस की बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

**स्वास्थ्य विभाग द्वारा महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, ई रिक्शा चालकों की आंख टेस्ट, स्वास्थ्य परीक्षण किया** - कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम परिसर में ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं/किशोरियों/कामकाजी महिलाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट, बीपी टेस्ट, शुगर जांच, स्वास्थ्य परीक्षण, टीबी एक्स रे जांच एवं निक्षय अभियान कैंप का आयोजन किया। साथ ही इस दौरान कामकाजी महिलाओं के ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर के संबंध में वर्कशॉप आयोजन किया गया। महिलाओं को इसके प्रति जागरूक किया जाएगा।जिले में संचालन कर रही ई रिक्शा वाहन चालक महिलाओं का आंखों की जांच की गई एवं उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया। कुशाभाऊठाकरे ऑडिटोरियम परिसर में आयुर्वेद, डाक विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी विकास परियोजना अभिकरण द्वारा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित स्थानीय सामग्रियों, व्यंजनों का ऑडिटोरियम में हाट बाजार लगाया गया। स्टॉल प्रदर्शन किया गया। समूह की महिलाएं वस्तुओं को स्वयं निर्मित करके इस हाट बाजार में लाई। हाट बाजार की सामग्री मिनाकारी, मसाले, पापड़, बैग मोबाईल कवर, पानीपूरी स्टॉल, बॉस की टोकरी, चप्पल, झुमर, चुडी कंगन, झाड़ु, राखी, झूमर, अगरबत्ती, दोना पत्तल, एल.ई.डी.बल्ब, धनीया, मिर्च, मसाला, कटलरी सामग्री, भगवान की पोषाख, पत्तल दौने एवं कटलरी, पापड़, सजावटी सामान, मीनाकारी ने दर्शकों के मन को मोह लिया।

**समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया-** कार्यक्रम के दौरान समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं का जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने सम्मान किया। श्रीमती मोनिका संजय नीमा द्वारा महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत 'घर की पहचान लाडली' अभियान का संचालन किया गया है, जिसमें एडॉप्ट इन आंगनवाडी के तहत 150 से अधिक पौधों का रोपण और बच्चों के लिए खेल सामग्री का प्रदान किया गया है। इसके अलावा श्रीमती तारामणि राजेश कॉसट द्वारा कुपोषित बच्चों के लिए पोषण किट का प्रदान किया गया है, जिसमें 345 बच्चों को पोटीन पाउडर प्रदान किए गए हैं। डॉ. अंजु योगेंद्र कोठारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महिला एवं बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है, जिसमें परामर्श, दवाइयां एवं कुपोषित बच्चों के लिए 100 पोटीन पाउडर प्रदान किए गए हैं। इसके अलावा, अध्यक्ष लायंस क्लब मंदसौर द्वारा आंगनवाडी केंद्रों में सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें आंगनवाडी केंद्रों में जरूरतमंद बच्चों को पठन, लेखन एवं सीजनल वस्त्रों का प्रदान किया गया है। श्रीमती ज्योति नव्हाल द्वारा स्वीप एवं एडॉप्ट इन आंगनवाडी के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्य किया गया है। रानी टांक नियुद्ध गुरुकुल में 10 मीटर एयर पिस्टल का प्रशिक्षण प्राप्त कर जोनल एवं नेशनल पैरा शूटिंग पुणे आयोजित प्रतियोगिता में क्वालीफाई कर टीम इंडिया के ट्रायल तक अपना स्थान प्राप्त किया गया है। श्री निर्मला पति मोहन कलसिया द्वारा अंतेष्टिस्थल पर पिछले 15 वर्ष से नि:स्वार्थ रूप से नि:शुल्क सेवाएं निरंतर दी जा रही हैं, जिसमें कोविड काल में भी सेवाएं दी गई। डॉ. अलका अग्रवाल द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में 38 साल का अनुभव प्राप्त किया गया है, जिसमें भारत सरकार द्वारा शिक्षा में नवाचार के लिए एरिजोना अमेरिका भेजा गया था। इसके अलावा, बालिका शिक्षा एवं बालिका स्वाभिमान के लिए विशेष रूप से कार्य किए जा रहे हैं, जिसमें डाइट में रहते हुए 45 ड्रॉपआउट बालिकाओं की शिक्षा को निरंतर कराया गया है। साठिया समुदाय के बच्चों को विद्यालय तक पहुंचाया। सक्षम संस्था जो कि दिव्यांग हितार्थ के लिए कार्यरत राष्ट्रीय स्तर की संस्था की जिला अध्यक्ष है। गरीब बालिकाओं की स्कूल फीस, चिकित्सा के क्षेत्र में सहयोग, निवृत बालिकाओं की देखभाल कि संध्या वैरागी-महिला ऑटो चालक, विद्या माली-महिला ऑटो चालक, दुर्गा-महिला ऑटो चालक आदि महिलाओं का महिला दिवस पर सम्मान किया गया।



## राज्य सरकार की योजनाओं से हो रहा है नारी सशक्तिकरण -उप मुख्यमंत्री

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मातृ शक्ति ने भगवान पशुपतिनाथ की आरती कर पूजा-अर्चना की, मातृ शक्ति को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दी

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दशपुर की धरा पर भगवान पशुपतिनाथ के मंदिर में महिला शक्तियों ने आज दिन भर कमान संभाली। उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा एवं मातृ शक्तियों ने भगवान पशुपतिनाथ की आरती कर पूजा अर्चना की। तथा जिले वासियों के लिए सुख शांति समृद्धि की कामनाकी। महिला दिवस पर मंदिर की आरती सहित प्रांगण की समस्त व्यवस्थाएं महिलाओं ने देखी। मंदिर में प्रात: की आरती के साथ ही दिन की आरती, पूजन दिनभर के कार्यक्रम एवं सभी व्यवस्थाएं महिलाओं के द्वारा संचालित की जा रही है। मंदिर प्रांगण की समस्त व्यवस्था भी महिलाओं के हाथों में हैं। पूजन अर्चन के दौरान उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, विधायक श्री विपिन जैन, श्री राजेश दीक्षित अन्य सभी जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित बड़ी संख्या में महिला शक्तियां, पत्रकार मौजूद थे।

## महिला को जिला बदर किया तो उमरिया कलेक्टर पर हाईकोर्ट ने ठोका 25 हजार का जुर्माना

### कमिश्नर के लिए कहा डाकघर की तरह काम मत करो

**उमरिया, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** एक महिला आरोपित को जिला बदर करने के मामले में हाई कोर्ट ने उमरिया कलेक्टर पर 25 हजार का जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। मामला उमरिया जिले का है जहां बिरसिंहपुर पाली निवासी मुन्नी उर्फ माधुरी तिवारी के खिलाफ जिला बदर किए जाने का आदेश दिया गया था।

महिला के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई पर हैरानी जताते हुए हाईकोर्ट जबलपुर ने शहडोल कमिश्नर के कामकाज को लेकर भी गंभीर टिप्पणी की है। हाई कोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल की एकल पीठ ने जिला बदर की कार्रवाई को निरस्त करते हुए कहा कि कमिश्नर को डाकघर में काम करने वाले अधिकारी की तरह काम नहीं करना चाहिए, कि डाक आई और मार्क कर दिया। हाईकोर्ट ने कहा है कि किसी भी आवेदन पत्र या मामले के दस्तावेज को अवलोकन करने और उस पर अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

**अपील में कलेक्टर का आदेश रखा बरकरार**-मुन्नी बाई ने कलेक्टर के जिला बदर के आदेश के खिलाफ कमिश्नर शहडोल के समक्ष अपील की लेकिन कमिश्नर ने भी उमरिया कलेक्टर के आदेश को बरकरार रखा। इसी मामले को मुन्नीबाई ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर चुनौती दी। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने पक्ष रखते हुए दलील दी कि उसके खिलाफ सिर्फ 6 अपराधिक प्रकरण दर्ज है। मुन्नी बाई के उपर धारा 110 के तहत दो मामले और दो मामूली मारपीट की धाराओं के दर्ज हैं। इसके अलावा दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। हालांकि उसे किसी भी आपराधिक प्रकरण में सजा नहीं हुई है।



अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने पर सांसद सुधीर गुप्ता, नगर पालिकाध्यक्ष रामदेवी जी गुर्जर, उपाध्यक्ष नम्रता जी चावला, जिला पंचायत अध्यक्ष दूर्गा जी पाटीदार, कलेक्टर अदिति जी गर्ग द्वारा मोनिका संजय नीमा को सम्मानित किया। इस अवसर पर दो आगनवाड़ी में पंखे भेट करे।

## पं. शर्मा जिला ब्राह्मण समाज के संरक्षक मनोनीत

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** जिला ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष पंडित दिलीप दुबे ने बताया की वरिष्ठसमाज सेवी सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति के राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य पंडित अरुण शर्मा को जिला ब्राह्मण समाज के संरक्षक पद पर सभी वरिष्ठ विप्रजनो की सहमति से मनोनीत किया गया है श्री दुबे ने बताया की श्री शर्मा के अनुभव का लाभ समाज को मिलता रहेगा जिससे समाज को नई दिशा मिलेगी।समाज उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है। पंडित अरुण शर्मा के संरक्षक पद पर मनोनीत होने पर गायत्री शर्मा, ब्रजेश जोशी, डा घनश्याम बटवाल, सुनील पंचारिया, मंगल पांडे, जयेश नगर, हरिशंकर शर्मा प्रहलाद शर्मा, अनुपम भार्गव, प्रवीण मंडोलोई ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।उक्त जानकारी जिला ब्राह्मण समाज के सचिव प्रतीक व्यास ने दी।




आवश्यकता है
वेल्डर - 6 पद
(गैस कटिंग का अनुभव अनिवार्य)
हेल्पर - 6 पद
खाना बनाने वाला - 1 पद
नोट - जो बाहर साइट पर रहकर काम कर सके। (खाना एवं रहना फ्री)
✻✻✻✻ संपर्क करें ✻✻✻✻
मो.-7898163968


## यहां की होली की चिंगारी से जलती थी शहर में 12 पुरों की होली...

# इसलिए क्षेत्र का नाम ही पड़ गया 'बड़ी होली'

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** होली आते ही शहरवासियों को विरासत में मिली परंपराओं का जिक्र होने लगता है। समय के साथ इन परंपराओं का निर्वहन फीका जरूर हो गया है। लेकिन, खत्म नहीं हुआ। शहर क्षेत्र में न्यायालय परिसर से सटे इलाके को 'बड़ी होली' के नाम से पहचाना जाता है। इसका यह नाम पड़ने के पीछे की कहानी होली पर ही आधारित है। दशकों पहले तक बड़ी होली के दहन का इंतजार पूरा शहर करता था। रात 3.30 बजे बड़ी होली दहन होने के बाद इस की आग से ही शहर के 12 पुरों की होलियों का दहन होता था। सबसे पहले जलने के कारण यहां की होली को शहर की सबसे बड़ी होली कहा जाता था, इसी के चलते क्षेत्र का नाम ही बड़ी होली पड़ गया।

होली पर्व पर बड़ी होली क्षेत्र में शहरभर की तरह ही होलिका दहन होता है। इसमें जिस स्थान पर होलिका रोपी जाती है, वहां 100 बरस से भी अधिक समय से होलिका दहन हो रहा है। क्षेत्र का नामकरण बड़ी होली क्यों हुआ, नई पीढ़ी को ठीक से इसकी जानकारी ही नहीं है। कई वरिष्ठ रहवासियों ने बताया कि पूरे शहर में जब एकमात्र स्थान पर होलिका का दहन होता था, वह स्थान वर्तमान का बड़ी होली क्षेत्र ही है। बाद में खानपुरा, जनकु पुरा, मदारपुरा, नृसिंहपुरा, नयापुरा, खाजपुरा, खिलचीपुरा, चंदरपुरा, जगतपुरा सहित सभी 12 पुरों में दहन प्रारंभ हुआ। सभी क्षेत्रों के लोग इस क्षेत्र की होली को बड़ी कहने के साथ बड़ेपन का सम्मान भी देते रहे। इसी कारण 12 पुरों की होलिका को जलाने के लिए बड़ी होली जलने का इंतजार होता था।

रहवासियों के मुताबिक रात 3.30 बजे बड़ी होली में लापा लगता था। इसके बाद शहर क्षेत्र में स्थित 12 दरवाजों से 12 पुरों के लोग आते और यहां से आग ले जाकर अपने-अपने पुरों की होली जलाते थे। उन्होंने बताया कि करीब तीन दशक पहले तक भी ऐसा ही होता था। लेकिन बाद में धीरे-धीरे शहर बढ़ने के साथ ही 21वीं सदी के मंदसौर में यह परम्परा खत्म होने लगी। 12 पुरों के साथ ही शहर में 200 से अधिक स्थानों पर होलिका दहन होता है। लेकिन शहर को 20वीं सदी से विरासत में मिली इस परम्परा को शहर क्षेत्र के भोईवाड़ा, कोलीवाड़ा, श्रृंगार गली, कंदोया गली, गोप पान वाली गली सहित आधा दर्जन क्षेत्रों के लोग आज भी निभा रहे हैं। इन क्षेत्रों की होलिया दहन के लिए बड़ी होली से ही आग पहुंचती है। बड़ी होली आज भी रात 3.30 बजे के बाद ही जलती है।



## महिला दिवस पर डा. अंजु कोठारी सम्मानीत

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** महिला दिवस पर कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अनुयोग हॉस्पिटल की डॉ. अंजु योगेंद्र कोठारी को स्वास्थ्य सेवाओं के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने पर सांसद सुधीर गुप्ता, कलेक्टर अदिती गर्ग, नपाध्यक्ष रमादेव गुर्जर द्वारा शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानीत किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. अंजु कोठारी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में महिला एवं बच्चों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगातार आयोजित किए गए।

## परियोजना अधिकारी शहरी विकास धारवे ने किया नगर परिषद कार्यालय जीरन का निरीक्षण

**नीमच, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नीमच के परियोजना अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री चंद्र सिंह धारवे ने शनिवार को नगर परिषद जीरन का निरीक्षण किया गया जिसमें ट्रैचिग ग्राउंड फिल्टर प्लांट ,आईएचडीपी योजना के निर्मित आवास , प्रधानमंत्री आवास एवं अमृत योजना के अंतर्गत निर्मित किया जा रहे रोड़ का निरीक्षण किया। उसके पश्चात कार्यालय में राजस्व वसूली, लेखा शाखा ,स्थापना शाखा आदि का निरीक्षण किया जिसमें पाई गई कमियों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी को दिए।

## कल मनाई जाएगी पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमंत माधवराव सिंधिया की जयंती

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** सिंधिया फैंस क्लब मंदसौर के



जिलाध्यक्ष पीयूष जैन ने बताया है कि क्लब द्वारा कैलाशवासी महाराज श्रीमंत माधवराव सिंधियाजी की कल 10 मार्च को 80 जयंती मनाई जाएगी। जिसके तहत जिला पंचायत परिसर मंदसौर में कल 10 मार्च, सोमवार को प्रात: 11.30 बजे सभी वरिष्ठ भाजपा नेता, सामाजिक संगठन, समाजसेवी और कार्यकर्तागण की उपस्थिति में श्रीमंत महाराज माधवरावजी सिंधिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये जाएंगे। सिंधिया फैंस क्लब के जिलाध्यक्ष पीयूष जैन ने सभी भाजपाजनों व आम नागरिकों से अनुरोध किया है की कल प्रात: 11.30 बजे जिला पंचायत परिसर में पहुँच कर श्रद्धासुमन अर्पित करें।

# नेशनल लोक अदालत में कुल 2666 प्रकरणों का निराकरण कर 8 करोड़ 3 लाख का अवार्ड पारित

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा प्रसारित निर्देशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर कपिल मेहता के कुशल मार्गदर्शन में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय मंदसौर एवं तहसील न्यायालय गरोठ, भानपुरा, नारायणगढ़, सीतामउमें किया गया।

जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. सेंटर भवन के सभागृह में प्रधान जिला न्यायाधीश श्री कपिल मेहता द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ञवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर श्री कपिल मेहता, जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष श्री रघुवीर सिंह पंवार, लोक अभियोजक श्री तेजपाल सिंह शक्तावत ने सम्बोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। शुभारंभ कार्यक्रम में आभार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर के सचिव श्री सुधीर सिंह निगवाल द्वारा व्यक्त किया गया, तथा संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री सिद्धार्थ तिवारी, सुश्री प्रतिष्ठा अवस्थी, श्री आसिफ अब्दुल्लाह, श्रीमती शिल्पा तिवारी, श्री विवेक बुखारिया, श्री मुनेन्द्र सिंह वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अतुल बिल्लोरे, न्यायाधीशगण श्रीमती रोहिणी तिवारी, श्री विनोद अहिरवार, श्री राजकुमार त्रिपाठी, श्रीमती प्राची पाण्डेय माटा, सुश्री श्वेता सिंह, सुश्री रूपा मिश्रा, सुश्री पूर्वी गुप्ता, श्री काशिष माटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री गौतम सौलंकी, नगर पुलिस अधीक्षक श्री सतनाम सिंह, म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के अधीक्षण यंत्री श्री राजेश जैन, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी एवं अधिवक्तागण, प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारीगण, न्यायिक कर्मचारीगण, विभिन्न बैंक, बीमा कम्पनियां, विद्युत विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारीगण, खण्डपीठ सदस्यगण इत्यादि उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु जिले में कुल 26 न्यायिक खण्डपीठों का गठन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ के पश्चात नेशनल लोक अदालत की कार्यवाही गठित खंडपीठों में शाम तक चली, जिसमें राजीनामे के माध्यम से 2666 प्रकरणों का निराकरण किया गया। उक्त लोक अदालत में 931 कोर्ट में लंबित मामले निराकरण के लिए रखे गए थे जिसमें से कुल 863 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें कुल 6 करोड़ 88 लाख 48 हजार 762 रुपए का अवार्ड पारित किया गया। इसी प्रकार कुल 8515 प्रीलिटिगेशन के रखे प्रकरण में से 1863 प्रकरणों का निराकरण किया गया जिसमें 1 करोड़ 15 लाख 43 हजार 597 रुपए राशि की वसूली की गई। मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा के 29 प्रकरण निराकृत किए गए, जिसमें कुल राशि 1,90,25,000/- का अवार्ड पारित किया गया।

## श्रीमती अनामिका जैन को मुख्यमंत्री ने रानी अवंतीबाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार प्रदान किया

**मंदसौर, 08 मार्च गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने वर्ष 2024 का



रानी अवंतीबाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार निवासी संजीत जिला मंदसौर की श्रीमती अनामिका जैन, अध्यक्ष अनामिका विक्षिप्त आश्रय गृह को प्रदान किया। पुरस्कार स्वरूप एक लाख रुपए एवं प्रतीक चिन्ह से युक्त प्रशंसा पत्र दिया गया।

रानी अवंतीबाई राज्य स्तरीय वीरता पुरस्कार समाज में महिला अथवा बच्चों को उत्पीडन तथा उनके पुर्नवास में योगदान देने तथा बाल विवाह प्रथा जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने में साहसिक कार्य किया हो ऐसे क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा यह पुरूरकार प्रतिवर्ष दिया जाता है। श्रीमती अनामिका जैन द्वारा अनामिका जनकल्याण सेवा समिति विक्षिप्त आश्रय गृह की स्थापना 2018 में की गई। जिसमें विक्षिप्त महिलाओं को आश्रय, चिकित्सा एवं पुर्नवास प्रदान किया। संस्था द्वारा 40 महिलाओं पुनर्वास प्रदान किया। आश्रय गृह वर्तमान में 25 महिला निवासरत है।


कार्यालय उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला मंदसौर

क्रमांक 693/प्रक्षेत्र/भंडार/2024-25 मंदसौर, दिनांक-01.03.2025

✻ द्वितीय ई निविदा सूचना ✻

संचालनालय पशुपालन मध्यप्रदेश की ओर से शासकीय गिर पशु प्रजनन प्रक्षेत्र गुर्जरबर्डिया पर वर्ष 2025-26 में गेहूं भूसा क्रय हेतु e-procurement प्रणाली से Portal www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स.क्रं. | विवरण | धरोहर राशि | निविदा राशि | ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का प्रारम्भ दिनांक | निविदा प्रपत्र अपलोड करने का अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| JDVSUJJ 02/2025 | गेहूं भूसा क्रय हेतु निविदा आमंत्रण | रुपए 50,000/- अक्षरी रुपए पचास हजार मात्र | 1000+ प्रोसेसिंग फीस | 10.03.2025 | 24.03.2025 |

1. निविदा संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट पर अथवा कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य रु. 13 लाख है।

उपसंचालक
पशुपालन एवं डेयरी विभाग जिला मंदसौर

G-23993/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



आवश्यकता है
फिल्ड वर्क के लिए लड़के की
आयु सीमा- 18 से 25 वर्ष
वेतन चार अंकों में
✻✻✻ सम्पर्क ✻✻✻
9893525920



कम दाम
बढ़िया काम
अजन्ता
स्प्रे पेन्टिंग
मो.-7089832581


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्डिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in